25% बढ़ सकता है चीनी उत्पादन

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली।

चीनी उद्योग से जुड़े संगठनों के मुताबिक आगामी चीनी सीजन (अक्तूबर-सितंबर) में चीनी के उत्पादन में चालू चीनी सीजन के मुकाबले 25 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो सकती है। नेशनल फेडरेशन ऑफ कॉपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड के मुताबिक आगामी सीजन में चीनी का उत्पादन 250 लाख टन रह सकता है।

चालू सीजन में चीनी के उत्पादन में कमी को देखते हुए सरकार की तरफ से 5 लाख टन कच्ची चीनी के आयात को मंजूरी दी गई है। फेडरेशन के मुताबिक चालू सीजन के लिए चीनी के और आयात की जरूरत नहीं है।

फेडरेशन का कहना है कि पिछले साल बारिश में कमी की वजह से महाराष्ट्र में गन्ने का

उत्पादन प्रभावित रहा। चालू चीनी सीजन में महाराष्ट्र के चीनी उत्पादन में पिछले चीनी सीजन के मुकाबले 50 फीसदी तक की गिरावट आई है। चालू चीनी सीजन में महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन 41.8 लाख टन रहा। फेडरेशन का कहना है कि आगामी सीजन में महाराष्ट्र का उत्पादन 68 लाख टन तक जा सकता है। आगामी सीजन में उत्तर प्रदेश में भी चीनी के उत्पादन में 5 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है।